नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता सप्ताह का समापन

वर्धा, 11 नवंबर 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर से 06 नवंबर के दौरान राष्ट्रीय एकता सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह भर में



राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा के संदेश को आम लोगों में प्रचारित-प्रसारित करने की दृष्टि से विभिन्न



कार्यक्रमों एवं उपक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मी तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

सप्ताह का प्रारंभ राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण से हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स से वर्धा शहर स्थित शिवाजी चौक तक राष्ट्रीय एकता मार्च निकाला गया। सप्ताह के अंतर्गत 'भारत की राष्ट्रीय



सुरक्षा की चुनौतियां और सरदार पटेल' विषय पर भाषण प्रतियोगिता, 'आज के भारत में सरदार पटेल का महत्व एवं प्रासंगिकता' तथा 'सरदार पटेल का व्यक्तित्व एवं उनका ऐतिहासिक योगदान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, राष्ट्रीय एकता विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह का समापन राष्ट्रीय एकता और देश भक्ति पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता से हुआ जिसका संचालन डॉ. अप्रमेय मिश्र एवं संदीप सपकाले ने किया। डॉ. अश्विनी कुमार सिंह एवं सुरभि विप्लव के निर्देशन में विद्यार्थियों ने नुक्कड नाटक एवं एकल प्रस्तुतियाँ दी। नागार्जुन अतिथि गृह के प्रागंण में संपन्न समापन समारोह की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने की। उन्होंने सप्ताह के दौरान आयोजित



कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता को पढावा देने वाले कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय ने भी संबोधित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में किया जाएगा। समापन समारोह में अध्यापक अधिकारी, कर्मी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे।